
# BCG वैक्सीन से अपने बच्चे को सुरक्षित रखें

## TB (तपेदिक/ट्यूबरकुलोसिस) क्या है?



TB एक संक्रमण है जो हवा के ज़रिए फैलता है और मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। यह इलाज योग्य है, लेकिन इसके इलाज में लंबा समय लग सकता है।

TB मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है, लेकिन यह शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। छोटे बच्चों में शरीर के अन्य हिस्सों, जैसे कि मस्तिष्क (TB मेनिन्जाइटिस), में TB होने की संभावना अधिक होती है। सही दवाओं के साथ TB का इलाज आमतौर पर संभव है, लेकिन इस उपचार में लंबा समय लगता है।

## BCG वैक्सीन की आवश्यकता किसे है?



BCG वैक्सीन TB से सुरक्षा प्रदान करती है। आयरलैंड में, अधिकांश बच्चों को BCG वैक्सीन की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि अब वहाँ TB का होना असामान्य है।

हम 12 महीने से कम उम्र के उन बच्चों को BCG वैक्सीन लगाने की सिफ़ारिश करते हैं, जिनके TB के संपर्क में आने का जोखिम अधिक होता है। ये वे बच्चे हैं जिनकी उम्र 12 महीने से कम है और जो:

- किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहते हैं जिसका जन्म उच्च TB दर वाले देश में हुआ था।
- उच्च TB दर वाले देश में पैदा हुए थे या तीन महीने से अधिक समय तक वहाँ रहे हैं, और उन्हें पहले BCG वैक्सीन नहीं लगी है।
- ऐसे माता-पिता के यहाँ पैदा हुए हैं या नियमित रूप से उन लोगों के संपर्क में रहते हैं जिन्हें अनुपचारित (बिना इलाज वाली) TB है।

आप विश्व स्वास्थ्य संगठन की वेबसाइट पर जाकर उच्च TB दर वाले सभी देशों की सूची देख सकते हैं:

- www.who.int/health-topics/tuberculosis

समय-समय पर अन्य बच्चों को भी BCG वैक्सीन लगाने की सिफारिश की जा सकती है - इस बारे में आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता आपको सलाह देंगे।

## BCG वैक्सीन किसे नहीं लगवानी चाहिए?

कुछ बच्चों को BCG वैक्सीन नहीं लगवानी चाहिए।यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका बच्चा BCG वैक्सीन के लिए योग्य है या नहीं, टीकाकरण से पहले डॉक्टर या नर्स आपसे बात करेंगे।

## यदि आपके बच्चे का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, तो वैक्सीन लगवाने में देरी करें।

यदि आपका बच्चा अस्वस्थ है और उसे तेज़ बुख़ार (38 डिग्री सेल्सियस से अधिक) है, तो आपको बच्चे के ठीक होने तक BCG वैक्सीन को स्थगित कर देना चाहिए।


यदि आप इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि आपके बच्चे को वैक्सीन लगनी चाहिए या नहीं, तो अपने डॉक्टर या नर्स से पूछें कि: **"क्या मेरे बच्चे को BCG वैक्सीन की आवश्यकता है?"**

**अधिक जानकारी के लिए hse.ie/bcg पर जाएँ**

Plain English Approved by NALA

## टीकाकरण से पहले

### शिशुओं के लिए हील प्रिक टेस्ट (Heel prick test,-एड़ी से रक्त की जाँच)



आयरलैंड में जन्म लेने वाले सभी शिशुओं के माता-पिता को उनके बच्चे के जन्म के एक सप्ताह के भीतर 'हील प्रिक टेस्ट' करवाने की सिफ़ारिश की जाती है।

जो माता-पिता अपने बच्चों के साथ तब आयरलैंड आते हैं जब उनके बच्चों की उम्र 12 महीने से कम होती है, उन्हें भी उनके बच्चों के लिए हील प्रिक टेस्ट करवाने की सिफ़ारिश की जाती है।

यह टेस्ट कुछ गंभीर चिकित्सीय स्थितियों की जाँच करता है, जिनमें प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करने वाली स्थितियाँ भी शामिल हैं। आपके बच्चे को BCG वैक्सीन देने से पहले हमें इस टेस्ट के परिणामों की जाँच करनी होगी।

### इस बात की जाँच कि क्या आपका शिशु या बड़ा बच्चा TB के संपर्क में आया हो सकता है

यदि आपका बच्चा निम्नलिखित स्थितियों में आता है, तो BCG वैक्सीन प्राप्त करने से पहले उसका एक टेस्ट होना चाहिए:

- उसका जन्म उच्च TB दर वाले देश में हुआ था।
- वह 3 महीने से अधिक समय तक उच्च TB दर वाले देश में रहा था।
- वह बिना इलाज वाले (अनुपचारित) TB के किसी मरीज़ के संपर्क में आया है।

यह टेस्ट यह जाँच करता है कि क्या वे पहले से ही TB से संक्रमित तो नहीं हैं।



## यदि मेरे बच्चे को BCG वैक्सीन लगती है, तो क्या मुझे अन्य बाल अवस्था में लगने वाले टीकों में देरी करनी होगी?

नहीं। हम BCG वैक्सीन के बाद किसी भी समय बाल अवस्था के अन्य टीके दे सकते हैं। आपको अपने बच्चे के लिए उन टीकों को निर्धारित करने में देरी नहीं करनी चाहिए।

यदि किसी बड़े बच्चे को BCG लगने के 3 महीने के भीतर किसी अन्य टीके की आवश्यकता होती है, तो उन्हें वह टीका दूसरी बाँह पर लगवाना चाहिए।



## दुष्प्रभावों की रिपोर्ट करना

यदि आपको लगता है कि वैक्सीन प्राप्त करने के बाद आपको या आपके बच्चे को कोई दुष्प्रभाव हुआ है, तो आप स्वास्थ्य उत्पाद नियामक प्राधिकरण (Health Products Regulatory Authority, HPRA) को www.hpra.ie पर इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं। आपके डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट या परिवार का कोई सदस्य भी HPRA को इस दुष्प्रभाव की रिपोर्ट कर सकता है।

आप **www.hpra.ie** पर इस वैक्सीन के लिए रोगी सूचना पत्रक के लिंक भी पा सकते हैं। प्रासंगिक जानकारी पढ़ने के लिए 'BCG वैक्सीन' खोजें।

HPO कोड: HNI01963
जून 2026.